<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांक 10 जुलाई 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के स्ववित्तीय विभाग में "प्लेसमैंट सेल" के तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया । इस मेले ICICI, MET LIFE, NIIT TECH, BAJAJ CAPITAI, INDIA BULLS इत्यादि दिग्गज़ कम्पनियों के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए । इसमें बी.ए., बी.कॉम, बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.वॉक इत्यादि के 2018 में उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया । इस रोज़गार मेले की सम्पूर्ण प्रक्रिया में कई राउंड जैसे कि ऐप्टिट्यूड़ टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन व व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि के पश्चात् ही विद्यार्थियों को चयनित किया गया ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त जी के मार्ग दर्शन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु महाविद्यालय में समय–समय पर अनेकानेक कैरियर से सम्बंधित रोज़गार मेले आयोजित किए जाते हैं । इसी श्रंखला में यह रोज़गार मेला प्लेसमैंट सेल की संयोजिका श्रीमति किरण आनन्द, डॉ. पूनम आनन्द, डॉ. शिल्पा गोयल और डॉ. सचिन गर्ग के सहयोग से पूरा हुआ । अंतिम समाचाार आने तक चयन प्रक्रिया ज़ारी थी ।